# दौलत काम ना आए कोई ताकत काम ना आए लिरिक्स

दौलत काम ना आए,
कोई ताकत काम ना आए,
जिनको मैया बुलाती है,
वो ही माँ के मंदिर जाए।bd।

---

माँ की मर्जी ना हो तो,
कोई कितना जोर लगाले,
दर से वापस लौटते देखे,
हमने जाने वाले,
दौलत काम ना आये,
कोई ताकत काम ना आए,
जिनको हुक्म सुनाती है,
वो ही माँ के मंदिर जाए।bd।

---

भूल गई होगी मैया,
ये दिल में खयाल ना लाना,
हो सकता है मैया को,
खुद हो तेरे घर में आना,
दौलत काम ना आये,
कोई ताकत काम ना आए,
जिसकी बारी आती है,
वो ही माँ के मंदिर जाए।bd।

---

चाहे जाने वाले हो,
चाहे ना जाने वाले,
माँ के तो सारे बेटे है,
'सोनू' किस्मत वाले,
दौलत काम ना आये,
कोई ताकत काम ना आए,
माँ सब पर प्यार लुटाती है,
कोई जाए या ना जाए।bd।

---

दौलत काम ना आए,
कोई ताकत काम ना आए,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com